Code No. **61/2**
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 7 printed pages + 2 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 23 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 + 2 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 23 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

HISTORY
इतिहास

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

*(i) Answer **all** the questions. Marks are indicated against each question.*

*(ii) Answers to questions carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*

*(iii) Answers to questions carrying **5** marks should not exceed **100** words each.*

*(iv) Answers to questions carrying **8** marks should not exceed **250** words each.*

(v) Attach the maps with the answer scripts.

सामान्य निर्देश :

*(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं।*

*(ii) **2** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक न हो।*

*(iii) **5** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हो।*

*(iv) **8** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो।*

(v) मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

MODERN INDIA
आधुनिक भारत

1. Examine two objectives behind the Wavell Plan of October 1943. 2

अक्टूबर 1943 की वैवेल योजना के दो उद्देश्यों की समीक्षा कीजिए।

2. State two ways adopted by Ishwar Chandra Vidyasagar to promote the cause of Sanskrit and other languages. 2

ईश्वर चन्द्र विद्यासागर द्वारा संस्कृत तथा अन्य भाषाओं की उन्नति के लिए अपनाए गए दो उपाय बताइए।

3. Mention two main objectives of the Congress as stated by Sir Wymesh Chandra Banerji as its first President. 2

कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष के रूप में सर वोमेश चन्द्र बनर्जी द्वारा बताए गए दो प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

4. Examine the role played by Vinayak Damodar Savarkar as a great revolutionary in the history of India. 5

OR

Explain why the revolutionaries had not been successful in their mission inspite of high degree of motivation and personal sacrifice.

भारत के इतिहास में विनायक दामोदर सावरकर की एक महान क्रान्तिकारी के रूप में भूमिका की समीक्षा कीजिए।

अथवा

उच्च स्तरीय प्रेरणा तथा स्वबलिदान के बावजूद क्रान्तिकारी अपने उद्देश्य में सफल क्यों नहीं हो सके ? व्याख्या कीजिए।

5. Explain the plan of Sir Charles Wood's Dispatch of 1854 on education in India. 5

OR

Explain the importance of the Pitt's India Act of 1784 from the point of view of the administrative structure.

1854 के सर चार्ल्स वुड की भारत में शिक्षा के निमित्त विज्ञप्ति की योजना की व्याख्या कीजिए।

अथवा

प्रशासनिक ढांचे की दृष्टि से 1784 में पिट्स इंडिया एक्ट के महत्त्व की व्याख्या कीजिए।

6. Describe briefly the social condition of Indian society during the 18th century. 5

OR

Describe briefly the contribution of Baji Rao I in strengthening the Maratha Empire.

अठारहवीं शताब्दी के दौरान भारतीय समाज की सामाजिक स्थिति का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

अथवा

मराठा साम्राज्य को सुदृढ़ बनाने में बाजी राव प्रथम के योगदान का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

7. How was the feeling of cooperation, friendship and punishment seen in Queen Victoria's Proclamation of 1858 ? Explain with five examples. 5

OR

Explain the reasons for confrontation between the Santhals and the British.

रानी विक्टोरिया की 1858 की घोषणा में आपसी सहयोग, मैत्री तथा दंड की भावना कैसे दिखाई देती थी ? पाँच उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।

अथवा

अंग्रेज़ों तथा संथालों के मध्य टकराव के कारणों की व्याख्या कीजिए।

8. Explain briefly any five socio-religious causes of the Revolt of 1857. 5

OR

Explain how the Revolt of 1857 was the First War for National Independence.

1857 के विद्रोह के कोई से पाँच सामाजिक-धार्मिक कारणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

अथवा

1857 का विद्रोह किस प्रकार राष्ट्रीय स्वतन्त्रता के लिए प्रथम युद्ध था ? व्याख्या कीजिए।

9. Describe the main features of the Government of India Act, 1919. To what extent did it satisfy the Indian expectations after the First World War ? 8

OR

Describe the circumstances which led to launching the Khilafat Movement in 1920 by Ali brothers. Why was it called off ?

भारत सरकार अधिनियम, 1919 के मुख्य लक्षणों का वर्णन कीजिए। प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात् यह भारतीय अपेक्षाओं को सन्तुष्ट करने में किस सीमा तक सफल हुआ ?

अथवा

उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जिनके फलस्वरूप अली बन्धुओं ने 1920 में खिलाफत आन्दोलन प्रारंभ किया। यह आन्दोलन क्यों वापस ले लिया गया ?

10. Explain the far reaching consequences of the Partition of Bengal. How did the Indians react to it ? 8

OR

Explain the aims of Home Rule Movement started by Annie Besant. What was its impact on the Indian National Movement ?

बंगाल विभाजन के दूरगामी परिणामों की व्याख्या कीजिए। भारतीयों ने इसके प्रति अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार दिखाई ?

अथवा

ऐनी बेसेंट द्वारा आरम्भ किये गये होम रूल आन्दोलन के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन पर इसका क्या प्रभाव हुआ ?

11. Explain the role of Subhash Chandra Bose in India's freedom struggle. 8

OR

Read the following statement carefully about the purpose of founding the Congress in 1885 and answer the questions given below it :

"The main objective of founding of Congress was to save the British Empire from danger; not to aspire for the political freedom of India. The interests of British Empire were primary and that of India secondary."

(i) Examine the role played by A.O. Hume in the establishment of Indian National Congress before 1885 by giving at least two examples. 2

(ii) Explain with two purposes the founding of the Indian National Congress in the beginning. 2

(iii) Explain the views of Lala Lajpat Rai on the objectives of the founding of Indian National Congress. 4

भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में सुभाष चन्द्र बोस की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

अथवा

1885 में कांग्रेस की स्थापना के उद्देश्यों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथन को ध्यान से पढ़िए तथा इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

''कांग्रेस की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य को ख़तरे से बचाना था; भारत की राजनीतिक स्वतंत्रता के लिये प्रयास करना नहीं। ब्रिटिश साम्राज्य का हित प्रमुख था और भारत का गौण।''

(i) 1885 से पूर्व ए.ओ. ह्यूम की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना में भूमिका की, कम-से-कम दो उदाहरण देकर, समीक्षा कीजिए।

(ii) आरंभ में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना करने के दो उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।

(iii) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के उद्देश्यों के विषय में लाला लाजपत राय के विचारों की व्याख्या कीजिए।

12. On the given political outline map of **India** locate and label the following : 5

Any five centres of the Revolt of 1857 in Southern India.

OR

On the given political outline map of **India** locate and label the places where the Congress sessions were held in the following years :

1885, 1907, 1916, 1929, 1938.

दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए तथा नामांकित कीजिए :

दक्षिण भारत में 1857 के विद्रोह के कोई से पाँच प्रमुख केन्द्र।

अथवा

दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर उन स्थानों को दर्शाइए और नामांकित कीजिए जहाँ निम्नलिखित वर्षों में कांग्रेस के अधिवेशन हुए थे :

1885, 1907, 1916, 1929, 1938.

Note : *The following question is for the Blind Candidates only in lieu of Q. No. 12.*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए प्र. सं. 12 के स्थान पर है।*

Write the names of five centres of the Revolt of 1857 in Southern India.

OR

Write the names of the places where the following Congress sessions were held :

1885, 1907, 1916, 1929, 1938.

दक्षिण भारत में 1857 के विद्रोह के किन्हीं पाँच केन्द्रों के नाम लिखिए।

अथवा

उन स्थानों के नाम लिखिए जहाँ निम्नलिखित कांग्रेस के अधिवेशन हुए थे :

1885, 1907, 1916, 1929, 1938.

CONTEMPORARY WORLD HISTORY
समसामयिक विश्व इतिहास

13. How did the invention of television bring about a revolution in the field of mass media ? Give any two points. 2

टेलीविज़न के आविष्कार ने जन संचार के क्षेत्र में किस प्रकार क्रान्ति लाई ? कोई दो बिन्दु दीजिए।

14. Mention two results of 'Operation Overlord' of 6th June 1944. 2

6 जून 1944 के 'ऑपरेशन ओवरलॉर्ड' के दो परिणामों का उल्लेख कीजिए।

15. Explain briefly any two points of impact of the Iranian Revolution of 1978 on the Islamic World. 2

1978 की इरानी क्रान्ति के इस्लामी जगत् पर पड़े किन्हीं दो प्रभावों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

16. Mention two steps taken by Weimar Republic in 1923 to acquire political stability in Germany. 2

जर्मनी में राजनीतिक स्थिरता लाने के लिए 1923 में वाइमर रिपब्लिक द्वारा किए गए दो उपायों का उल्लेख कीजिए।

17. Mention any two of the twelve international conventions, relating to terrorism, passed by UN. 2

संयुक्त राष्ट्र-संघ द्वारा पारित, आतंकवाद से सम्बन्धित बारह अन्तर्राष्ट्रीय अभिसमयों में से किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए।

18. Why were traditional literary masterpieces reedited in China during 1950s ? 2

1950s के दशक में चीन में पारम्परिक साहित्यिक श्रेष्ठ कृतियों को पुनः सम्पादित क्यों किया गया ?

19. What is Apartheid ? How did it come to an end in South Africa ? 5

OR

Why did the Russian economy go downhill despite Mikhail Gorbachev's various reforms ? Explain with reasons.

रंगभेद क्या है ? दक्षिण अफ्रीका में इसका अंत किस प्रकार हुआ ?

अथवा

मिखाइल गोर्बाचेव द्वारा किए गए विभिन्न सुधारों के बावजूद रूसी अर्थव्यवस्था में गिरावट क्यों आई ? कारण सहित व्याख्या कीजिए।

20. Explain the steps taken by Hitler, as a supreme dictator, to pursue active militarisation of Germany. 5

OR

Explain the steps taken by Mussolini in 1922, after assuming dictatorial powers, to consolidate his control over Italy.

एक सर्वोच्च तानाशाह के रूप में हिटलर ने सक्रिय रूप से जर्मनी का सैन्यीकरण करने के लिए जो कदम उठाए, उनकी व्याख्या कीजिए।

अथवा

1922 में सर्वोच्च तानाशाही अधिकार प्राप्त होने के पश्चात् मुसोलिनी ने इटली पर अपना नियंत्रण सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए ? व्याख्या कीजिए।

21. State the terms of agreement signed between Russia and Japan in 1904. Why did Japan sever its relations with Russia ? 5

OR

Briefly state the terms of Treaty of Sevres of 1920 signed between the Allies and the Turkey after the World War I.

1904 में रूस और जापान के मध्य हुए समझौते की शर्तें बताइए। जापान ने रूप के साथ अपने संबंध क्यों समाप्त कर दिये ?

अथवा

1920 की सैव्रे की सन्धि की शर्तें संक्षेप में बताइए जो मित्र-राष्ट्रों तथा टर्की के मध्य प्रथम विश्व युद्ध के बाद हुई थी।

22. Explain the causes of the end of colonial empires after the World War II. 8

OR

Explain the policy of appeasement and the reasons to adopt it. How did it lead to the World War II ?

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् औपनिवेशिक साम्राज्यों के पतन के कारणों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

तुष्टीकरण की नीति तथा इसको अपनाने के कारणों की व्याख्या कीजिए। यह किस प्रकार द्वितीय विश्व युद्ध का कारण बनी ?

23. On the given political outline map of **Africa** locate and label the following European colonial possessions in 1914 : 5

Five possessions of Britain

OR

Five possessions of France

दिए गए **अफ्रीका** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर 1914 में निम्नलिखित यूरोपीय औपनिवेशिक कब्ज़े दर्शाइए और नामांकित कीजिए :

ब्रिटेन के पाँच कब्ज़े

अथवा

फ्राँस के पाँच कब्ज़े

Note : *The following question is for the Blind Candidates only in lieu of Q. No. 23.*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए प्र. सं. 23 के स्थान पर है।*

Write names of five colonial possessions of Britain in Africa in 1914.

OR

Write names of five colonial possessions of France in Africa in 1914.


1914 में अफ्रीका में ब्रिटेन के पाँच औपनिवेशिक कब्ज़ों के नाम लिखिए।

अथवा

1914 में अफ्रीका में फ्रांस के पाँच औपनिवेशिक कब्ज़ों के नाम लिखिए।

For question no. 12

प्रश्न सं. 12 के लिए



©Government of India copyright 2001

For question no. 23

प्रश्न सं. 23 के लिए

